संख्या–cm-334
25/09/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के बीच एकरारनामे का आदान–प्रदान

पटना, 25 सितम्बर 2019 :– पुराना सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के बीच एकरारनामे पर हस्ताक्षर किए गए। बिहार सरकार की तरफ से प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री चैतन्य प्रसाद एवं दिल्ली मेट्रो रेल के प्रबंध निदेशक श्री मंगू सिंह के बीच एकरारनामे का आदान प्रदान किया गया। एकरारनामे के बाद पटना मेट्रो के दोनों कॉरिडोर के निर्माण की प्रक्रिया, डी0एम0आर0सी0 शुरू कर देगा।

इस परियोजना में कुल 31.39 किलोमीटर के तहत पूर्वी पश्चिम कॉरिडोर 16.94 किलोमीटर एवं उत्तरी दक्षिणी कॉरिडोर 14.45 किलोमीटर है। पूर्वी पश्चिमी कॉरिडोर में तीन एलिवेटेड स्टेशन, आठ अंडरग्राउंड स्टेशन तथा 1 एट ग्रेड स्टेशन शामिल है तथा उत्तरी दक्षिणी कॉरिडोर में 9 एलीवेटेड स्टेशन एवं 3 अंडरग्राउंड स्टेशन शामिल हैं। परियोजना का कार्य विभिन्न चरणों में किया जाएगा जिसके अंतिम चरण का कार्य सितंबर 2024 में पूर्ण हो जाएगा। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा पटना में परियोजना निदेशक के नेतृत्व में एक पूर्ण परियोजना कार्यालय की स्थापना की जाएगी ताकि कार्य तय समय सीमा में एवं सुनियोजित ढंग से पूर्ण हो सके। इस परियोजना के द्वारा पटनावासियों एवं आगंतुकों को द्रुत, सुरक्षित एवं आरामदायक यातायात की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। यह पर्यावरण पोषक परियोजना होगी जिसमें मेट्रो स्टेशन एवं डिपो को हरित भवन के रूप में योजनाबद्ध कर सौर पैनल से पूरी तरह आच्छादित किया जाएगा।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सुरेश शर्मा, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******